हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



# नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



## मां कूष्मांडा

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अदाहत' चक्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और अचंचल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए।

जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूयर्मंडल के भीतर के लोक में है। वहाँ निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं।

इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएँ प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। माँ की आठ भुजाएँ हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है।

माँ कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। माँ कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है।

विधि-विधान से माँ के भक्ति-मार्ग पर कुछ ही कदम आगे बढ़ने पर भक्त साधक को उनकी कृपा का सूक्ष्म अनुभव होने लगता है। यह दुःख स्वरूप संसार उसके लिए अत्यंत सुखद और सुगम बन जाता है। माँ की उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है।

माँ कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों-व्याधियों से सवर्था विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। अतः अपनी लौकिक, पारलौकिक उन्नति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए। चतुर्थी के दिन माँ कूष्मांडा की आराधना की जाती है। इनकी उपासना से सिद्धियों में निधियों को प्राप्त कर समस्त रोग-शोक दूर होकर आयु-यश में वृद्धि होती है। प्रत्येक के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में चतुर्थ दिन इसका जाप करना चाहिए।

**या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा**
**रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै**
**नमो नमः।।**

अर्थः हे माँ! सर्वत्र विराजमान और कूष्माण्डा के रूप में प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ। हे माँ, मुझे सब पापों से मुक्ति प्रदान करें।

अपनी मंद, हल्की हँसी द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी माँ कूष्माण्डा कहलाती हैं।















तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024

समीक्षा बैठकः विधायक ने कहा अधिक से अधिक लोगों को बनाएं भाजपा का सदस्य 12

एलआईसी दफ्तर के सामने नाली को ही पाट दिया, शिकायत 12





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

### सेल की इकाइयों के बाहर धरना प्रदर्शन के निर्णय का बीएसपी में भी असर

# बोनस पर रारः यूनियनों ने प्रबंधन पर लगाया मनमानी का आरोप, 15 को धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दिल्ली में 1 अक्टूबर को बोनस को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में लिए गए निर्णय को लेकर संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया है। इसके खिलाफ 2 अक्टूबर को 5 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन बैठक कर 5 अक्टूबर को सेल के सभी इकाइयों में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत शनिवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के मुर्गा चौक पर संयुक्त यूनियनों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएसपी कर्मियों ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तो आर-पार की लड़ाई है, यदि प्रबंधन मजदूरों की बात नहीं माना तो आने वाले दिनों में लड़ाइयां और तेज होगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी केवल और केवल सेल प्रबंधन की होगी। प्रदर्शन में इंटक, एटक, एचएमएस, बीएमएस, सीटू, ऐक्टू, स्टील वर्कर्स यूनियन, लोईमु, इस्पात श्रमिक मंच ने भाग लिया। यूनियनों ने कहा कि प्रबंधन के एक तरफा निर्णय के खिलाफ कर्मियों का गुस्सा बढ़ रहा है। वेतन समझौता से लेकर रात्रि पाली भत्ते तक ग्रेच्युटी सीलिंग करने से लेकर बोनस फार्मूले एवं बोनस की बैठक तक हर जगह प्रबंधन एक तरफा निर्णय ले रहा है। कहीं ना कहीं यह जताने की कोशिश हो रही है कि वह प्रबंधन नहीं बल्कि सेल के मालिक हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि वह हाई पैड कामगार है। कर्मचारियों लो पैड कामगार हैं। बावजूद इसके लगातार प्रबंधन के निर्णय मजदूर विरोधी होते जा रहे हैं, जिसके कारण कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।



### 14 व 15 अक्टूबर को धरना तथा नवंबर में हड़ताल

यूनियन नेताओं ने कहा कि यूनियनों ने 14 एवं 15 अक्टूबर को होने वाले धरने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। धरने के बाद नवंबर में 2 दिन की हड़ताल होगी, यदि प्रबंधन स्थिति से बचना चाहता है तो अभिलंब बैठक बुलाए। सारे मुद्दों का निराकरण करे। अन्यथा बड़े आक्रोश के बीच विरोध प्रदर्सन के दौरान जो कुछ भी होगा, उसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार होगा। यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रबंधन से मांग की गई है। पहले फार्मूला खारिज करे, इसके बाद आगे की बातचीत हो पाएगी। फिलहाल यूनियन अपने निर्णयों पर डटी हुई है।

### लंबित मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी

यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि अफॉर्डेबिलिटी क्लास का हवाला देकर 39 महीने का एरियर्स का पैसा रोक दिया गया है। हाउस रेंट अलाउंस का मुद्दा अह भी लंबित है। 1970 में त्रिपक्षी वार्ता समिति में लिए गए असीमित ग्रेच्युटी के निर्णय को एक तरफा सीलिंग कर दिया गया है। बहुत से मुद्दे अभी भी लंबित थे। इसके खिलाफ कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि देश के अंदर जितने भी सार्वजनिक उद्योग हैं, उसमें सेल एक ऐसा सार्वजनिक उद्योग हैं, जहां की प्रबंधन इस तरह की मनमानी चल रही है।

### 7 लाख 95 हजार वसूले, जुर्म दर्ज

# जेल के अंदर से जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जेल के भीतर रहकर रंगदारी वसूलने वाले अपराधी समेत उसके सहयोगियों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 384, 506, 34 के तहत कार्रवाई किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि अभिषेक पाण्डेय ने शिकायत किया है कि केम्प-1 भिलाई निवासी रवि विठ्ठल, विशाल सोनी, परबदीप सिह उर्फ मन्नू , गुरमीत कौर के द्वारा जान से मारने की धमकी देकर रकम का डिमांड कर परेशान किया जा रहा है। पीड़ित के मुताबिक जेल में रह रहे लोकेश पाण्डेय को रवि विठ्ठल, विशाल के द्वारा जान से मारने की धमकी परिजनों से 7 लाख 95 हजार रुपए अब तक लिया जा चुका है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि भाई लोकेश पाण्डेय विगत दो साल से विचाराबंदी के रूप मे दुर्ग जेल में है। दुर्ग जेल में सजायापता अपराधी रवि विठ्ठल नवीन जेल खण्ड 1, बैरक 4 में हत्या के आरोप में 7 साल से सजा काट रहा है। सजायाफ्ता अपराधी रवि द्वारा विशाल को काल कर पीड़ित को रुपए का डिमांड करता

- सुपेला थाना में मामले में अपराध दर्ज किया गया

था नहीं देने पर विचाराधीन बंदी लोकेश पाण्डेय को जेल में जान से खत्म कर देने की धमकी दिया।

आरोपी द्वारा भाई को जेल में मानसिक, शारीरिक रूप से लगातार प्रताड़ित करने की शिकायत पुलिस से किया। रवि विठ्ठल की धमकी से डरकर लोकेश पाण्डेय के जान को बचाने रवि विठ्ठल, बल्खार सिंह के द्वारा विशाल के माध्यम से नगद पहले 5 लाख रुपए और ऑन लाईन 2 लाख 95 हजार रुपए दिया गया।

### अपराधी ने बेटी के जन्म दिन पर मांगा जेवरात

पुलिस के मुताबिक 11 जुलाई 2023 को सजायाफ्ता अपराधी रवि विठ्ठल की बेटी का जन्म दिन था। तब भी सजा रवि ने विशाल के माध्यम से फोन में कान्फ्रेस कर पीड़ित से जेवरात अरिहंत ज्वेलर्स, आकाश गंगा सुपेला से 22 हजार 800 रूपये को दिया गया। रवि विठ्ठल द्वारा 8 माह पहले तक लगातार रुपए के लिए धमकी दिया जा रहा है।

### चर्च परिसर में लगी आग

**भिलाई।** क्रिश्चयन सेक्टर-6 में शार्ट सर्किट होने से चर्च परिसर में आग लग गई। सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। इसके बाद घंटे भर की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 स्थित क्रिश्चयन चर्च में शनिवार क शाम को शार्टसर्किट हो गया। आग लगने से हड़कंप मच गया। आग को किसी तरह बुझाया गया। बड़ा हादसा होते बच गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के बाद शार्ट सर्किट की वजह से हादसा होने की बात कहीं है। मामले में जांच की जा रही है।

# मवेशी तस्करी मामले में फार्म हाउस संचालक हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

मवेशी तस्करी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 4, 6, 10 छग कृषिक परिरक्षण अधिनियम धारा 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। टीआई अनिल साहू ने बताया कि संजय गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। संजय मवेशियों को अपने फार्म हाउस में रखता था। बाद में ट्रकों में भरकर दूसरे प्रदेशों में बेच देता था। 27 भैंस सहित आरोपी ट्रक ड्राइवर इस्मार अहमद उर्फ भूरा को भी पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में पुलिस को बताया कि मवेशियों को मुजफ्फरपुर लेकर जा रहा है। पुलिस ने जांच कर आरोपी संजय गिरी के बेटे सिवानी को गिरफ्तार किया था। तब से

- पाटन पुलिस ने किया गिरफ्तार
- आरोपी पूर्व में उतई नगर पंचायत में पार्षद भी रह चुका

फरार चल रहा संजय को पुलिस ने पकड़ लिया। संजय उतई नगर पंचायत में पार्षद रह चुका है। वर्तमान में उसकी पत्नी पार्षद है। बहरहाल इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। मवेशियों को कहां से लाया जा रहा था, कहां ले जा रहे थे इसके बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

## महिला आरक्षक ने नौकरी लगाने के नाम पर की धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

महिला आरक्षक ने नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

- छावनी थाना क्षेत्र की घटना
- आरक्षक होटल में आया करती थी नाश्ता करने

छावनी पुलिस ने बताया कि लिंक रोड कैम्प 2 निवासी आरती अग्रवाल के परिवार का होटल का कारोबार है। तीन माह से किराए में दिया गया है। कारोबार के दौरान नवम्बर 2023 में एक महिला होटल में चाय नाश्ता करने आती रहती थी। जिससे परिचय हो गया था। महिला का नाम मोहन नगर में पदस्थ आरक्षक मोनिका सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता होना बताई। पढ़ाई को लेकर पूछने पर आरती ने उसे बीएड कर प्राइवेट नौकरी करने की बात बताने पर मोनिका ने शिक्षा विभाग में सेटिंग होने का झांसा देरर नौकरी लगाने के एवज में 50 हजार रुपए ले ली। लेकिन आज तक आरती का नौकरी नहीं लग पाया। मोनिका गुप्ता कुल 1.50 लाख रुपए में बातचीत कर ली। फिर 5 हजार पहले लगने की बात कहने पर उसे 50 हजार रुपए दिया गया। नौकरी नहीं लगने पर पीड़िता रुपए लौटाने की मांग करने लगी लेकिन मोनिका चेक दिया लेकिन बैंक से खाते में रुपए नहीं होने पर बाउंस हो गया। इसके बाद मोनिका ने पीड़िता से 22 अगस्त को एक इकरारनामा कर रकम वापसी 2 सितंबर को लौटाने की बात लिख कर दी है। मगर आज तक रकम नहीं लौटाते हुए टाल-मटोल करती रही है। मोनिका धमकी दे रही है कि झूठे केस में फंसा दूंगी। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया है।


# बोरसी में हादसा, हाईवा की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हाइवा चालक के लापरवाही के कारण स्कूटी सवार पुत्री की हादसे में मौत हो गई। वहीं पिता को मामूली चोट आई है।चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरी निवासी स्वाति पटेल अपने

- महाराजा चौक पर स्थित बैंक जाने के लिए निकली थी
- पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की

पिता के साथ प्लेजर सीजी 07 एएफ 2073 में सवार होकर दोनों महाराजा चौक दुर्ग पर स्थित बैंक जा रहे थे। इस दौरान बोरसी स्थित न्यू कलकत्ता स्वीट्स के सामने हाइवा सीजी 07 बीआर 8285 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्वाति पटेल को चपेट में




लिया। हादसे में बेटी स्वाति की मौके पर मौत हो गई वहीं उसके पिता को मामूली चोट आई है। घटना की जानकारी लगने पर पदमनाभपुर पुलिस मौके पर पहुची और शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। हादसा शनिवार की है। घटनास्थल पर लगे सीसी कैमरे को पुलिस ने खंगाला तब जानकारी हुई कि स्वाती पटेल दुर्ग महाराजा चौक की ओर जा रही थी। मृतका स्वाति विवाहित है। उसके एक छोटा बच्चा भी है, उसके पति बाहर काम करते है। बताया जा रहा है कि स्वाति जिस तरफ थी उसी ओर हाइवा चालक ने मोड दिया स्वाति हाइवा के पिछले चक्के के नीचे आ गई। वहीं उसके पिता दूर जा गिरे। इसके अलावा स्वाति के शरीर के ऊपर से रेत से भरा हुआ हाइवा गुजर गया। थाना प्रभारी अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि हाइवा को जब्त कर स्वाती के शव को पीएम के लिए भेजा गया। पिता को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया है।

### टीएल के आवेदन पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्रवाई के दिए थे निर्देश

# फर्जी दस्तावेज से दुकान को अपने नाम किया, ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र में एक अजब सा मामला सामने आया। किराए के दुकान को किराएदार ने कब्जा कर लिया और उसमें अवैध अपनी दुकानें तानने लगा। दुकान को फर्जी दस्तावेज के आधार पर अपना नाम कर लिया और बिजली विभाग को दिखाकर अपने नाम मीटर कर लिया।

सालभर तक महिला दुकान मालिक किराएदार से मिन्नतें करता रहा लेकिन वह खाली ही नहीं किया। आखिरकार महिला ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के समक्ष गुहार लगाई। कलेक्टर ने टीएल में इस मुद्दे को रखा और महिला को मालिकाना हक दिलाने और अवैध निर्माण ढ़हाने के लिए निगम आयुक्त बजरंग दुबे को हिदायत दी। आयुक्त दुबे ने शनिवार को इस अवैध निर्माण को ढ़हवाया और पीड़िता को न्याय दिलाया।



### रसूखदार होने का धौंस दिखाता रहा

अजय सेन पीड़िता सुनीता सिंह को अपने रसूखदार होने का धौंस दिखाता रहा। पीड़िता ने इस दुकान को वर्ष 1997 से चला रही है। भिलाई निगम ने इस दुकान को पीड़िता सुनीता को आबंटित किया हुआ है। पीड़िता ने किराएदार अजय सेन के खिलाफ छावनी थाने में शिकायत की। उसके बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

### कार्रवाई हुई



टीएल में पीड़िता सुनीता सिंह की थी। इस शिकायत के आधार पर जांच की और पंचनामा बनाकर अजय सेन का अवैध निर्माण ढ़हाया गया है।

**-बजरंग दुबे,** आयुक्त निगम भिलाई

### निगम ने ऐसे की कार्रवाई

महात्मा गांधी नगर कैम्प 2 की सुनीता सिंह की शिकायत पर कलेक्टर के आदेशानुसार आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार जोन आयुक्त बी.के. वर्मा के नेतृत्व में सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम की टीम के द्वारा स्थल पर पहुंच कर टी.एल. समस्या के निराकरण का प्रयास किया गया। पंचनामा के अनुसार क्षेत्र के आसपास के व्यापारियों व नागरिकों द्वारा बताया गया कि यह दुकान सुनीता सिंह की है । जिसे उनके द्वारा अजय सेन को किराये पर दिया गया था। 20 जनवरी 2023 को अवधि समाप्त होने के पश्चात भी सेन द्वारा दुकान खाली ना कर उस पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। अतिक्रमित अतिरिक्त निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जोन आयुक्त बी.के. वर्मा, बसंत साहू उप अभियंता, अनिल मेश्राम सहायक राजस्व अधिकारी, दुर्गा माधव पाढी, श्याम ठाकुर, पुनेश साहू तथा छावनी थाना का पुलिस बल के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### पहल वेलफेयर फाउंडेशन का गरबा कल

**दुर्ग।** पहल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गरबा का आयोजन पृथ्वी पैलेज अंजोरा में किया जा रहा है। दूसरा अवसर है जब संस्था द्वारा नवरात्र पर इस प्रकार का आयोजन किया जाना तय किया गया है। संस्था की श्वेता झवर, दीपिका सोमानी, डॉ. वर्षा झवर, पूनम सोमानी, मयूरी जैन, प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुरभि कोटक, कोमल चांडक, अधिवक्ता रश्मि खंडेलवाल ने बताया कि गरबा दौरान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें बेस्ट ग्रुप, गरबा किंग, बेस्ट कपल, गरबा क्वीन, बेस्ट ड्रेस, ओल्ड इज गोल्ड सहित अन्य को पुरस्कृत किए जाएगा। रश्मि खंडेलवाल ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# संस्कृत, संस्कृति और संस्कार भारतीय सभ्यता की गंगोत्री है: हेमंत

## आत्मानंद हिन्दी व इंग्लिश माध्यम स्कूल बेलहारी में एक दिवसीय संस्कृत बाल संस्कार वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

आत्मानंद हिंदी इंग्लिश माध्यम स्कूल बेलहारी में एक दिवसीय संस्कृत बाल संस्कार वर्ग का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू थे। उद्घाटन सरपंच जीतेश्वरी महमल्ला व समाजसेवी भारती सोनबेर ने किया। इस आयोजन में 16 स्थानों से पधारे 99 लोगों ने भाग लिया। समापन समारोह मंच पर प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, अतिथि पीटीआई चंद्रकला साहू, एचएम खिलेश साहू, साशिम जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन मंचासिन रहे। संस्कृत में गीता पाठ श्लोक लघुकथा खेल आदि का संचालन भी हुआ। सोनम प्रजापति और तृप्ति साहू ने भगवान राम के 39 पीढ़ियों का धारा प्रवाह वाचन किए। संस्कृत भारती जनपद मंत्री राकेश तिवारी ,राजिम विभाग संयोजक होमेवश्वर चंद्राकर प्रांत संयोजक अनुपा टंडन, दुर्ग जनपद सहसंयोजक हरित वर्मा, रोहन, राहुल, हरीश, रिवेश, हेमकुमार कौशल सरहनीय योगदान रहा। आयोजन का निर्देशन संस्कृत व्याख्याता नरेंद्र साहू ने किया।

### प्राचीन मूल भाषा संस्कृत को जन भाषा बनाने अपनी आहुति भी डाली

संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति और संस्कार भारतीय सभ्यता की गंगोत्री है। उन्होंने कहा कि जब मंदिरों में संस्कृत भाषा में मंत्रोचारण होता है तब मन पवित्रता से सराबोर होने लगती है। जब धारा प्रवाह संस्कृत बोली जाती है तब चिरशांति भरा वातावरण स्वमेव तैयार हो जाता है। जितने पवित्र कार्य संपादित होते है सब संस्कृत भाषा से सुसज्जित संस्कृत से महकती रहती है। जो भारत की महानता से परिचय कराती है। ऐसे मूल प्राचीन भाषा संस्कृत को जन भाषा बनाने का हर संभव प्रयास करना हम सबकी जिम्मेदारी है।



### मातृ भाषा हिंदी की जननी है संस्कृत

समापन समारोह मुख्य अतिथि पीटीआई चंद्रकला साहू ने कहा कि संस्कृत मातृ भाषा हिंदी की जननी है। जैसे आज बच्चों को दादी मां की गोद नसीब नहीं हो पा रही है ठीक वैसे ही संस्कृत के प्रति रुचि नजर नहीं आ रही है। जिसका दुष्परिणाम संस्कार का स्तर निरंतर गिरते जा रहा है । सब मिलकर संस्कृत को जन भाषा बनाने में अहम भूमिका निभाए।

### प्राचीन भाषा का दर्पण है संस्कृत

सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन ने शिक्षा, संस्कार, संगति, एकता और व्यक्तिगत पहचान बनाकर जीवन को सफल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि प्राचीन संस्कृति से जोड़ने में संस्कृत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो जीवन में संस्कार की खुशबू से महकाते रहती है। भाषा सब सीखे लेकिन हिंदी संस्कृत को प्राथमिकता में रखे। प्राचीन भाषा का दर्पण है संस्कृत। सर्विस या आमजन में संस्कृत की मांग बढ़ते नजर आ रही है। पौहा स्कूल हेडमास्टर खिलेश साहू ने भी विचार रखे। संचालन एवं आभार संस्कृत व्याख्याता नरेंद्र साहू ने किया।

## खबर संक्षेप

### डिघारी में मातारानी की आकर्षक झांकी



**पाटन**। उदय युवा संगठन एवं ग्रामवासी डिघारी के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा प्रतिमा एवं विशाल गुफा स्थापित किया गया है। झांकी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू, राजेश ठाकुर,वंदना वर्मा,तेजबहादुर खरे,लेखनी वर्मा, यादव राम सेन, गोकुल ठाकुर,डॉ. दिलीप वर्मा,नकुल ठाकुर ने माता रानी,विशाल शिवलिंग की पूजा अर्चना कर गुफा प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए समर्पित किए। मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि धार्मिक आस्था के लिए आप सभी ने अभूतपूर्व कार्य किया किया है। युवा शक्ति अपनी प्रतिभा दिखाने में निरंतर योगदान देते रहे। गुफा झांकी में विशाल शिवलिंग,महाकाल दर्शन,सातों बहिनियों द्वारा जवारा विसर्जन, झरना, यशोदा श्रीकृष्ण, जवारा दर्शन,शंकर भगवान भांग पीते हुए,लड्डू दर्शन,मां दुर्गा दर्शन की आकर्षक झांकी सजाई गई है। इस अवसर पर दशेलाल यादव,सुरेश धीवर,नेमीचंद ठाकुर,मुकेश देशमुख,रमाकांत बंछौर,दुर्गेश हठीला, डॉ. कौशिक,चंद्रहास वर्मा,बसंत साहू,जीवन सेन,बसंत यादव,भूपेंद्र सेन,मनोज यादव, विपिन,पियूष देशमुख, यशवंत ठाकुर आदि मौजूद थे।

## प्रदर्शन : गांव में निर्णय लेकर शिकायत करने पहुंचे एसडीएम कार्यालय

# शराब दुकान खुलने के विरोध में जरवाय के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

जरवाय के ग्रामीणों ने गांव के पास शराब दुकान खुलने के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ने लगा है। ग्रामीणों को जब इस बात की खबर लगी कि उनके गांव के पास में शराब दुकान खुल रही है, उन्होंने विरोध शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने बैठक की और सड़क में उतरकर लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। ग्रामीण शनिवार को पाटन एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने मांग की कि यह दुकान हमारे गांव के आसपास नहीं खुलनी चाहिये। ग्राम जरवाय के आसपास शराब की दुकान नहीं चाहिए। ग्रामीण सुबह से काम बंद कर गांव में दुर्गा चौक पर एकत्रित हुए। ग्रामीणों के अनुसार आबकारी विभाग ने ग्राम पंचायत जरवाय की सीमा में शराब दुकान खोलने की तैयारी की है। इस जगह का चयन शराब दुकान के लिए किया गया है, वह जगह ग्राम जरवाय(के) से काफी नजदीक है। इस कारण ग्रामीण बहुत आक्रोशित है। आज सुबह से ही ग्रामीण घर के काम, खेती का काम छोड़कर साथ ही मवेशियों को भी आज घर से बाहर नहीं निकाला है।



### जिपं के उपाध्यक्ष अशोक ने दिया समर्थन

इस दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक साहू समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में किसी भी प्रकार की नाश की दुकान नहीं खोलने देंगे, शराब की दुकान जरवाय में खोला जा रहा है। गांव का माहौल इससे बिगड़ेगा। इसे ततकाल बन्द करना चाहिए। इससे क्षेत्र में दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ेगी। इस दौरान कुर्मी समाज के राजप्रधान युगल आदिल, देवव्रत साहू, दुर्गेश, वार्ड के पंच नवीन पाल, लेखराम पाल, आशा, मीना, देवबती, खेमिन बाई आदि उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक: विधायक ने कहा अधिक से अधिक लोगों को बनाएं भाजपा का सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा रिसाली मंडल के शक्तिकेन्द्र की समीक्षा बैठक ग्राम नेवई एवं स्टेशन मरोदा में सदस्यता अभियान को लेकर हुई। विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली मंडल के नेवई एवं स्टेशन मरोदा के विभिन्न वार्डों में चल रहे सदस्यता अभियान की जानकारी ली। विधायक ललित चन्द्राकर ने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं से अभियान के संबंध में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करें। इस दौरान रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जं घेल, महामंत्री दशरथ साहू, संस्कृति वर्मा,अजित चौधरी, अनुपम साहू, पूनम सपहा,नरेश कुमार साहू ,रेवा प्रसाद चौबे ,उपेंद्र रिगरी, भूपेंद्र बेलचंदन, प्रेमलाल निर्मलकर ,रानू धनकर, दीपक लहर ,शेष जांगड़े, सूरज साहू, संगीता राय, विनोद श्रीवास्तव, रेवती ठाकुर, फूलबासन साहू, राधा साहू, गीता यादव, संजय यादव, रेवाराम चौबे ,डोमन चंद्राकर ,नरेश कोठारी, सूरज साहू ,भागवत सुकून, पार्षद ममता नवीन सिन्हा, पार्षद गजेंद्री कोठारी , धनेश्वरी साहू, संतोष कुशवाहा, रंजन सिन्हा, रवि मानिकपुरी, पार्वती साहू, रोहित चंद्राकर आदि मौजूद थे।

■ भाजपा रिसाली मंडल के शक्ति केंद्र में हुई बैठक

# एलआईसी दफ्तर के सामने नाली को ही पाट दिया, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जेल रोड पद्मनाभपुर स्थित एलआईसी दफ्तर के सामने नाली को ही पाट दिया गया है। एलआईसी ऑफिस प्रबंधन की इस लापरवाही का खामियाजा पद्मनाभपुर की जनता भुगत रही है। नाली निकाली नहीं होने से पानी सड़क पर उतर रहा है। इतना ही नहीं बारिश के दिनों में आसपास का पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जा रहा है। खास बात यह है कि इसकी शिकायत कई बार दुर्ग निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चंद्राकर से की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। एलआईसी ऑफिस प्रबंधन से अब तक जवाब-तलब नहीं किया गया है। बता दें कि नाली को पाटने के बाद से इस जगह पर कचरा डंप किया जा रहा है। पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी जगह पर ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है। जेल रोड पर ही इस ट्रांसफार्मर को स्थापित किया गया है। इससे हर समय जनहानि की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा बिजली कंपनी के दफ्तर में भी शिकायत की गई है, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है। निगम के ईई मोहनपुरी गोस्वामी ने इस मामले को लेकर कहा कि स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही नाली को दोबारा शुरू कराई जाएगी। एलआईसी प्रबंधन को नोटिस जारी किया जाएगा। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## पूर्व जिला पंचायत सदस्य बेलचंदन मिले व्यापारी, रखी समस्या



**अंडा**। मोर बूथ मोर अभियान के तहत भाजपा छत्तीसगढ़ सदस्यता अभियान के लिए जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष माया बेलचंदन ने ग्राम अण्डा में भाजपा का सदस्य बनाने के लिए दौरा किया गया। इसी दौरान बस स्टैण्ड अण्डा में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में व्यापारियों द्वारा जिपं पूर्व अध्यक्ष को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गति अवरोधक बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता को कहा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा बस स्टैण्ड में शीघ्र ही गति अवरोधक बनवाने के लिए आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य माया बेलचन्दन के ग्राम अण्डा में भ्रमण के दौरान, हेमेन्द्र कुमार चंद्राकर सामाजिक कार्यकर्ता, अलेंद्र यादव, देवश्री चंद्राकर, लोकमणि देशमुख, कृतिका चंद्राकर, बिसौहा ढीमर, सुखनंदन चंद्राकर, रवि देशमुख, विजयलक्ष्मी कन्नौजे आदि उपस्थिति थे।

## शारदीय नवरात्र की धूम, उमड़े भक्त




**सेलूद**। ग्राम सेलूद में शारदीय नवरात्रि की धूम। समिति के अध्यक्ष रुपराम साहू ने बताया कि लगातार नवदुर्गा की प्रतिमा प्रत्येक वर्ष स्थापित करते आ रहे है। श्रद्धालु अपने मनोकामना पूरा करने आसपास के गांवों से पंडाल में पहुंचकर अपनी मनोकामना पूरा करने के लिए पूजा अर्चना कर रहे है। आदर्श क्लब छत्तीसगढ़ बाजार चौक सेलूद के दुर्गा मंच में माता के नवरुपों की अलग-अलग मूर्ति स्थापित की गई है। विगत 20 वर्षों से बाजार चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि 15 फुट ऊपर माँ दुर्गा के नवरुपों को अलग-अगल स्थापित किया गया है। इस झांकी को विष्णु पुराण से ली गई कथा परशुराम द्वारा अपने ही माता का गला काटने की सजीव झांकी दिखाई जा रही। जिसे देखने गांव के साथ आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु आ रहे है।

# 9 दिन माता दुर्गा को अलग-अलग भोग, दर्शन को उमड़ रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति खुर्सीपार के दुर्गा पंडाल जोन 2 खुर्सीपार शिवाजी नगर पुराना धर्मकांटा जीई रोड में माता श्री दुर्गा की स्थापना की गई है। जहां माता दुर्गा को रोज अलग-अलग भोग लगाया जा रहा है। एक दिन सभी प्रकार के फलों का भोग लगाएंगे तो दूसरी दूसरे दिन अन्य प्रकार के भोग लगाए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष और निगम के उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमान दया सिंह ने बताया कि पूरे विधि-विधान के साथ माता की प्रतिमा स्थापति की गई है। वृंदावन से माता की पूजा-आरती के लिए पंडित बुलाए गए हैं। जिन्होंने 3 अक्टूबर को नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना की। रोज सुबह शाम माता की पूजा अर्चना और महाआरती की जाएगी। 10 अक्टूबर को हवन पूजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर को नवमी के दिन कन्या पजन एवं बटुक पूजन किया जाएगा। 12 अक्टूबर को दशमी विसर्जन होगा। सिंह ने बताया कि उन्होंने माता के भक्तों की सेवा के लिए सेवा पंडाल भी लगाया है। खुर्सीपार में मेन रोड पर सेवा पंडाल में पैदल यात्रा डोंगरगढ़ माता बम्लेश्वरी दर्शन को जाने वाले भक्तों की सेवा की जा रही है।



### पंखिड़ा ओ पंखिड़ा फेम के गीतकार राजेश आएंगे भिलाई

दया सिंह ने बताया कि सार्वजनिक श्री दुर्गा समिति के द्वारा दो दिन माता का जगराता का भव्य आयोजन किया जाएगा। पहले दिन 7 अक्टूबर सोमवार शाम 7 बजे से जगरात की शुरूआत होगी। जहां सीमा संदीप सिंह अपनी प्रस्तुति देगी। इसी प्रकार बुधवार 9 अक्टूबर को शाम 7 बजे पंखिड़ा ओ पंखिड़ा फेम और विश्व प्रसिद्ध भजन गीतकार पंडित राजेश मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे।

## निधन

### तारा साहू



**भिलाई**। श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर 4 के पदाधिकारी त्रिनाथ साहू की माता तारा साहू 77 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। वे त्रिनाथ साहू, त्रिलोचन साहू ,देवेंद्र साहू एवं सुषमा, सुशीला, सपना की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा 6 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान क्वार्टर नंबर 8सी, सड़क - 33,सेक्टर-10 से शिवनाथ नदी के लिए निकाली जाएगी।

### निर्मल रस्तोगी



**भिलाई**। निर्मल रस्तोगी उम्र 80 वर्ष निवासी 75/8, नेहरू नगर पूर्व का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 6 अक्टूबर को उनके निवास से दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. योगेन्द्र कुमार रस्तोगी की पत्नी व मनीष और मीनल की माता थीं।

### प्रकाश चंद बरमेचा



**दुर्ग**। महावीर कॉलोनी निवासी प्रकाश चंद बरमेचा 87 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्तूबर को सुबह 11.30 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकाली जाएगी। उनके रिश्तेदारों में देवेन्द्र कुमार, तिलोक चंद, दिलीप, कैलाश बरमेचा शामिल हैं।


न्यायालय : द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी - डी. एन. भगत)
प्रो.क्र.- 1497, प्र.क्र. 811/24
पे.ता.- 20.11.2024, धारा-13 हिं.वि.अ.
आवेदक - योगेश कुमार कोसरिया
बनाम
अनावेदिका- रूबी कोसरिया
प्रति,
अनावेदक/ अनावेदिका- रूबी कोसरिया
निवासी पता : उम्र-26 वर्ष, निवासी- द्वारा मार्फत पिता- श्री शिव भारती भारती सदन प्लाट नं. 31-32 विराट नगर, उतई, थाना-उतई तहसील व जिला-दुर्ग छ.ग.
उपरोक्त आवेदक/ आवेदिका ने आपके विरुद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हिं.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20.11.2024 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/ दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 20.11.2024 को प्रस्तुत कर सकते है।
यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी ।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 03 माह 10 सन 2024 को जारी किया गया।
स्थान : रायपुर
दिनांक- 03/10/2024
(डी. एन. भगत)
मुहर द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
नोटिस
क्र./727 प्र.एस.डी.एम. भिलाई नगर/2024
दुर्ग दिनांक/12/09/2024
प्रति,
श्री जगदीश सिंह, आ. सत्यनारायण सिंह, पता- केम्प-2, सर्कुलर मार्केट, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
विषयः- जनता मार्केट स्थित दुकान क्रमांक 5 को मेरे भाई (चचेरा भाई) द्वारा खाली नहीं करने व मेरा जालसाजी दस्तखत कर नगर निगम से रजिस्ट्री कागज बनवाने की शिकायत।
संदर्भः- आवेदक- श्री इन्द्रासन सिंह आ. सत्यनारायण सिंह, पता-एल.आई.जी. 1, 380 हाऊसिंग बोर्ड भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का आवेदन दिनांक 09/09/2024
विषयांतर्गत आवेदक - श्री इन्द्रासन सिंह आ० हरनारायण सिंह, पता-एल.आई.जी. 1, 380 हाऊसिंग बोर्ड भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) संदर्भित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र में लेख है कि "मेरे चचेरे भाई जगदीश सिंह आ० सत्यनारायण सिंह, निवासी केम्प 2, सर्कुलर मार्केट, भिलाई को जो कि दीपक रेडीमेड में निवास करता है वही दुकान चलाता है और वही रहता भी है। मेरी जनता मार्केट स्थित दुकान क्रं. 5, को मेरा चचेरा भाई विगत 5 साल से कब्जा कर लिया है, और फर्जी दस्तखत मेरा हस्ताक्षर कर रजिस्ट्री पेपर बनवा लिया है। और वह मेरी दुकान क्र. 5 को किसी दूसरे व्यक्ति को किराये पर दे रखा है। मेरे द्वारा दुकान को वापस मांगने पर मेरे साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौच, किया जिसकी रिपोर्ट दिनांक 04.02.2021 को थाना छावनी में दर्ज कराया था। अतः महोदय जी अनुरोध है कि मेरा दुकान क्रं. 5 का रजिस्ट्री के पेपर जो मेरे चचेरे भाई जगदीश सिंह रखा है उसे वापस दिलाने एवं मेरा दुकान वापस मेरे कब्जे में दिलाने की कष्ट करें। मैने दुकान के कागज जिसमें मेरे चचेरे भाई का फर्जी दस्तखत है, जो मेरे नाम से दस्तखत किया है उसका नकल दिनांक 04.09.2024 को रजिस्ट्री ऑफिस दुर्ग से प्राप्त किया हूं, जिसका क्रं. 8/7760 है संलग्न है।"
अतएव उक्त संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 09.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें।
अनुविभागीय दण्डाधिकारी
छावनी/भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना
मैं अपने पक्षकार सतीश दास वैष्णव आ. स्व. जागेश्वर दास वैष्णव निवासी-मकान नम्बर 223/5 मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से प्राप्त अधिकार व निर्देश के आधार पर यह सूचना प्रकाशित करता हूँ कि भूमिस्वामीगण श्रीमता पवारा बाई पति. स्व. आत्माराम, श्रीमती राजिम साहू पति राजेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू पति उत्तम कुमार साहू सभी निवासी-ग्राम रिसामा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ग्राम-रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में भूमि खसरा नम्बर 563/1 एवं 826/1 कुल रकबा 0.84 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का सौदा कर इकरारनामा किया गया है परन्तु मेरे पक्षकार को जानकारी मिली है कि भूमिस्वामीगण के द्वारा उक्त कराशुदा भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि मेरा पक्षकार उक्त कराशुदा भूमि को जल्द ही अपने पक्ष में पंजीयन कराने हेतु तैयार व तत्पर है।
अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में भूमि खसरा नम्बर 563/1 एवं 826/1 कुल रकबा 0.84 हेक्टेयर स्थित उपरोक्त भूमि को भूमिस्वामीगण पवारा बाई वगै. से क्रय- विक्रय करने का सौदा ना करे अन्यथा कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और मेरे पक्षकार किसी भी संव्यवहार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
तद्नुसार आम सूचना प्रकाशित है।
स्थान-दुर्ग
दिनांक-05/10/2024
अधिवक्ता
सतीश दास वैष्णव
अधिवक्ता
बार रूम नं. 2, जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.), मो. नं. 98271-76315








हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## स्वच्छता को लेकर तालपुरी में निकली जागरूकता रैली




**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। सुबह सात बजे क्लब हाउस प्रांगण से निकली यह रैली कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस वहीं पर समाप्त हुई। इस अवसर पर दोनों विभूतियों की स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी रखी गई, जिसमें लोगों से स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और कृतित्व से प्रेरणा लेने की अपील की गई। रैली की शुरुआत दोनों महान व्यक्तियों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। रैली में शामिल लोगों ने अपने हाथों में स्वच्छता संदेश की तख्तियां लिए माइक से लोगों को जागरूक किया। सामने ऑटो और उसके पीछे कतारबद्ध महिलाओं और पुरुषों ने कॉलोनी को स्वच्छ बनाना है। अपने जीवन को स्वस्थ बनाना है। घर का कचरा डस्टबिन में डालना है। कॉलोनी को कचरा मुक्त बनाना है। एक-दो-तीन-चार, स्वच्छता की जय जयकार जैसे स्वच्छता के नारे लगाते हुए कॉलोनीवासियों में जागरूकता फैलाई। इस मौके पर खेल, नृत्य, शिक्षा, लेखन और कला के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली कॉलोनी की विभिन्न प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वाले बालक-बालिका वर्ग में तनिशी ढोबले, मौलिक वाहने, ऋद्धिमा त्रिपाठी, प्रखर त्रिपाठी, सान्वी तिवारी, मोक्ष वर्मा, जीवन वर्मा, प्रियल शैलेश, अलंकृत माहेश्वरी, अनाघ माहेश्वरी, क्षितिज शुक्ला और डॉ प्रियंका जबकि महिलाओं में डॉ संगीता साहू, सरस्वती धानेश्वर, डॉ नीतू साहू, आशा वर्मा, शुभ्रा वर्मा, डॉ दुर्गा शुक्ला, दीक्षा शिंदे तथा अनीता मनीष सोनी शामिल हैं। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, पूर्व उपाध्यक्ष असीम सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी जीडी बनर्जी, महिला समिति की अध्यक्ष रेखा सिंह, संगवारी ग्रुप की अध्यक्ष कीर्तिलता वर्मा, आरआर शर्मा आदि मौजूद थे।

- खेल, नृत्य, शिक्षा, लेखन और कला के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाएं सम्मानित

- सीजन-9 का सेक्टर 8 स्टील क्लब में होगा आयोजन, विधायक और सांसद भी होंगे शामिल

# दो दिवसीय गरबा का आज से आगाज, प्रतिभागी हो गए ट्रेनिंग लेकर तैयार, देंगे मनमोहक प्रस्तुति

भिलाई। सेक्टर-8 स्टील क्लब में रविवार को दैनिक हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया महोत्सव सीजन-9 के ट्रेनिंग क्लास में अंतिम दिन प्रतिभागियों ने दो व चार ताल, भवानी गरबा, सनेड़ों से साथ ही टिमली व टिटेडों स्टेप पर काफी अभ्यास किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को बैच भी प्रदान किए गए। ग्रैंड फिनाले के पहले दिन प्रतिभागी पारंपरानुसार माता रानी की आराधना करेंगे। ट्रेनिंग सेंशन के सातवें दिन अनू सिंह अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, अनामिका रमेश पटेल, महिला पुलिस काउंसलर जया दुबे, प्रभा गुप्ता संस्कार बुटिक  सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### सीजन 9 का आज होगा शुभारंभ


दैनिक हरिभूमि व आईएनारच द्वारा आयोजित डांडिया सीजन-9 का शुभारंभ आज शाम 6 बजे से स्टील कलब सेक्टर 8 में किया जाएगा। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन के अंतिम दिन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। 6 व 7 सिंतबर दो दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन प्रतिभागियों को गरबा के पारंपरिक वेशभूषा में आना अनिवार्य है। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।



**ये हैं सहयोगी**

हरिभूमि कमला मोटर्स जीई रोड, गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, आरोग्यम सुपरस्पेशियेलिटी हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर, श्री सज्या बुटिक आकाशगंगा, लक्ष्मीपति राजू पार्षद सेक्टर 7, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग, समाजसेविका अनामिका रमेश पटेल, अन्नू ब्यूटी क्लीनिक प्रगति नगर रिसाली, कमला मेडिकल सुपेला है।







### ग्रैंड फिनाले में रहेगा ट्रेडिशनल ड्रेस में  काम्पीटिशन

6 और 7 को होने वाले ग्रैंड फिनाले के पहले व दूसरे दिन ट्रेडीशनल ड्रेसअप थीम दिया गया है। जिसमें निर्णायकों द्वारा विजेताओं के नाम घोषित किए जाएंगे।

### अतिथियों ने किया गरबा

ट्रेनिंग सेशन के सातवें दिन शनिवार को प्रतिभागियों ने डाकला, टिटोडो, भवानी, सेनेड़ो, टिमली आदि गरबा गीतों में गरबा के स्टेप सीखकर घंटो तक अभ्यास किया। ट्रेनिग सेशन में ब्यूटी एक्सपर्ट अनू सिंह, अनामिका व रमेश पटेल, सुमन कन्नौजे व जया दुबे ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।



## मैक बॉक्सर्स सिक्योरिटी के बॉक्सर सुरक्षा में रहेंगे तैनात



मैक बॉक्सर्स सिक्योरिटी जैसी ब्रांडेड संस्था हरिभूमि से जुड़ गई है। गरबा के आयोजन में संस्था द्वारा स्वस्फूर्त सुरक्षा उपलब्ध कराया जाना तय किया गया है। मैक बॉक्सर्स सिक्योरिटी के प्रमुख आसिफ खान ने बताया कि वे ट्विनसिटी में आने वाली हर बालीवुड सेलीब्रिटी को सुरक्षा मुहैया कराते हैं। इसके अलावा छालीवुड मूवी में स्टंटमैन की भूमिका करते हैं। वे छत्तीसगढ़ के दुर्ग, भिलाई, रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, जगदलपुर से लेकर अन्य जगहों पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी टीम में दुर्ग-भिलाई में 100 से ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ में 300 से ज्यादा ट्रेंड लोग हैं। इनमें महिलाएं भी उपलब्ध हैं। इन सभी को फिजिकल ट्रेनिंग और प्रशिक्षण संस्था के माध्यम से दिया जाता है। गरबा के आयोजन में वे लगातार सुरक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। इनका ऑल इंडिया में कार्य के साथ सेलिब्रेटी वीवीआईपी प्रोटेक्शन बालीवुड सेलिब्रिटी बुकिंग मैनेजमेन्ट किया जाता है।

सिटी इवेंट

## दुर्ग जिला सेन समाज के पदाधिकारियों का होगा चुनाव, मतदान 19 नवंबर को

**भिलाई।** दुर्ग जिला सेन समाज के त्रिवर्षीय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से मतदान से होगा। छत्तीसगढ़ प्रांतीय सेन समाज के सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन की सहमति से और दुर्ग जिला सेन समाज की बैठक में चुनाव कराने के लिए गए निर्णय के अनुसार चुनाव की तिथि घोषित की है। इसके अनुसार चुनाव की प्रक्रिया 5 नवंबर से शुरू होगी। मतदान 19 नवंबर को होगा। कौशिक ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 5 नवंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन 8 व 9 नवंबर को जमा किए जाएंगे। नामांकन जमा करने का समय 4 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्रों की जांच 9 नवंबर को की जाएगी। उसी दिन दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी का समय होगा। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।  मतदान 19 नवंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा। उसके बाद मतो की गिनती कर नतीजे घोषित किया जाएगा। चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव पद के लिए होगा। मतदाताओं के लिए पहचान पत्र लाना जरूरी है। पहचान के लिए आधार कार्ड को मान्य किया गया है। मतदान में 18 साल से अधिक उम्र के वही सदस्य भाग लो सकेंगे तो 50 रुपए शुल्क के साथ सदस्यता ग्रहण किया हो।

- त्रि-वार्षिक चुनाव के लिए अधिसूचना की गई जारी

# फूड फेस्टिवल...पौष्टिक फूड्स के रेसिपी की लगाई प्रदर्शनी, फायदे भी बताए गए



**दुर्ग।** भारती कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नर्सिंग विभाग के तत्वावधान में स्टूडेंट्स की जागरूकता के लिए आहार एवं पोषण विज्ञान संबंधी प्रयोगात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत लिक्विड, सॉफ्ट एवं थैरेप्युटिक डाईट संबंधी प्रयोगात्मक गतिविधि को बीएससी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों में अलग-अलग डाइट का प्रयोग, महत्व, कैलोरी संतुलन व पोषक तत्वों का महत्व समझाना था। कार्यक्रम के शुरुआत में आहार एवं पोषण विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सपना पांडे ने लिक्विड, सॉफ्ट एवं थैरेप्युटिक डाईट के महत्व सिद्धांत एवं उसमें पाये जाने वाले विटामिन्स, पोषक तत्वों एवं कैलोरी की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

दालपानी, मिक्स सूप, साबूदाना की खिचड़ी को बताया बेहतर डाइड

पांडेय ने कहा कि मिक्स दालपानी, मिक्स वेजिटेबल सूप, साबूदाना का पानी एवं सूजी की खीर इत्यादि को छः महीने के बाद के शिशुओं को विनिंगफूड के रूप में देने से शिशुओं में होने वाली प्रोटीन एनर्जी, मल न्यूट्रीशियन (पीईएम.) संबंधी गंभीर बीमारी नही होती है। इसके साथ ही उन्होंने सॉफ्ट डाईट एवं थैरेप्युटिक डाईट पर भी प्रकाश डाला। इस गतिविधि के दौरान विश्वविद्यालय के ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी चंद्राकर, उप-कुलपति डॉ. आरएन सिंह, उपाध्यक्ष प्रभजोत सिंह भुई, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रतीक योनाथन सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आहार एवं पोषण संबंधी प्रश्न भी पूछे।

- भारती कॉलेज ऑफ नर्सिंग का आयोजन, प्रोटीन एनर्जी को भी

## विनु मनकड ट्रॉफी के एक मैच में चमके आलोक, 115 रन की पारी



**भिलाई।** बीसीसीआई द्वारा हैदराबाद में आयोजित की जा रही अंडर-19 विनु मनकड ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को चार विकेट से पराजित किया। टॉस जीत कर छत्तीसगढ़ ने पहले क्षेत्र आरक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में मध्य प्रदेश की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 286 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ की टीम ने महज 48.01 ओवर में 6 विकेट खोकर 288 रन बना लिए। मैच में आलोक गुप्ता ने नाबाद 115 रन बनाए। साहिल, रजत, शरीफ ने 71 रन बनाए। प्रथम जाचक ने 54 रन बनाए। आलोक गुप्ता भिलाई के शांति नगर स्थित नायडू क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी हैं, जो कि बीसीसीआई लेवल 2 कोच गजानन नायडू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हैं।

- नायडू क्रिकेट अकादमी शांतिनगर भिलाई से प्रशिक्षण ले रहे आलोक

सिटी इवेंट

## सदस्यता अभियान में शामिल होने पहुंचे विधायक गजेन्द्र




**भिलाई।** आशीष इन्फोटेक में भाजपा  सदस्यता अभियान के अंतर्गत सदस्य बनाए गए। आयोजन में विधायक गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बीजेपी से जुड़ने के लिए आव्हान किया। युवाओं को प्रोत्साहन किया। उनसे अपील की गई कि बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करें, साथ ही ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं। कार्यक्रम में आशीष इन्फोटेक के डायरेक्टर आदित्य चंद्राकर एवं आशीष चंद्राकर, परिणिता चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 1968 से अब तक पढ़ने और पढ़ाने वाले शिक्षकों का मिलन समारोह

# गुरुजनों और पुराने मित्रों से हुई मुलाकात ने किया भाव-विभोर, पुराने दिन याद करते ही छलके आंसू

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में पुराने छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य ...ाश पांडेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप ... संस्था के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम में सैकड़ों भूतपूर्व छात्र, छात्राएं दूर दूर से पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत में साजी चाको ने समस्त उपस्थित अतिथियों एवं एलुमनी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक विशेष अवसर है, जब हम अपने पुराने मित्रों से मिलकर पुराने समय को याद कर सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य गुरु दीवान, उषा जैन एवं वर्षा चौरसिया के साथ ही पूर्व व्याख्याता केसी वैद्य, जीपी शर्मा, गारूडिक, एसके षड़ंगी, रमन मेहर, एनएच केला, एस वायकर और माया सिंह आदि उपस्थित थे।



### मनमोहन लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

संस्था के प्राचार्य एवं एलुमनी एसोशिएशन के संरक्षक प्रकाश कुमार पाण्डेय ने अपने सारगर्भित उदबोधन में पूर्व छात्रों को आयोजन हेतु बधाई दी एवं एसोसिएशन के मूल उद्देश्यों को याद दिलाया। उन्होंने इस तरह के आयोजन लगातार करते रहने हेतु प्रेरित किया। संस्था द्वारा सदैव हरसंभव मदद की बात कही। संस्था के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत पर मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में पूर्व छात्रों राजकुमार गांधी, आलोक शर्मा,छतर सिंह एवं संतोष शर्मा ने मोहक अंदाज में फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी।

### सोशल मीडिया के जरिए पुराने छात्र भी ऑनलाइन जुड़े

पूरे कार्यक्रम को सोशल मीडिया के माध्यम से देश/दुनिया के पूर्व छात्रों ने लाइव देखा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सचिव शीतल दुबे, नीतिश ग्राहम, नागेश साहू, नवनीत वर्मा, तेजपाल, टीकू रावटे, संतोष निसरकर, हरविंदर सिंह आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। विशेष सहयोग डा रचना सिंह का रहा। दीपावली के बाद पुनः एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### एलुमनी मीट को बताया अविस्मरणीय, कहा-अब हम बूढ़े हो चले

एलुमनी मीट कार्यक्रम के संयोजक हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने समस्त अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि आज का यह दिन सभी के लिए अविस्मरणीय होगा। पुराने गुरुजनों एवं मित्रों से मुलाकात कर सभी भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया। सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथियों का संक्षिप्त परिचय एवं शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में करीब तीन सौ लोग उपस्थित थे। सन् 1968 से आज तक इस संस्था से उत्तीर्ण छात्रो ने अपना परिचय दिया। सबसे बुजुर्ग छात्र सुरेन्द्र तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पहले के हम युवा आज बूढ़े हो चले हैं।

# अग्निवीर बनने सिर्फ युवा नहीं, युवतियों में भी दिख रहा उत्साह

**पचास से अधिक युवा सैनिक बनने बहा रहे पसीना, 4 दिसंबर को रायगढ़ जिले में प्रदेशस्तरीय रैली आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी चार दिसंबर को रायगढ जिले में होने वाले विशाल सैनिक भर्ती के लिए जिला प्रशासन द्वारा दुर्ग के युवाओं को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रविशंकर मैदान में रोजाना दो घंटो युवा और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिसमें युवा और युवतियो में देश के लिए सेवा करने का जज्बा गजब का बना हुआ हैं। इस प्रशिक्षण में न सिर्फ दुर्ग, बल्कि राजनांदगांव, बालोद से युवा बडी संख्या में पहुंच रहे है।

जानकारी अनुसार आगामी चार दिसंबर के दिन इस बार रायगढ में सेना भर्ती का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में आनलाइन परीक्षा लेकिन युवाओं का चयन किया था। वर्तमान में पचास से अधिक युवा दुर्ग के रविशंकर मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण के लिए जिला युवा अवार्ड एवं उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित बालक दास डहरे पीटीआई शिक्षक और कोच पीटीआई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी विनोद नायर भावी अग्निवीर तैयार करने में जूटे हुए हैं। पीटीआई बालक दास डहरे ने बताया कि, रोजाना सुबह छः से आठ बजे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा हैं। अभी डोंगरगढ, बालोद, खैरागढ, कुम्हारी, उतई, पुरई, भिलाई, मोहलई सहित दूसरे जिले से भी बच्चे प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं।



### प्रशिक्षण से सुधार



वेणु निषाद सिरसाकला भिलाई-3 बताती है कि, प्रतिदिन बस से आती हैं। पहले 5 राऊंड दौड़ती थी, जल्दी थक जाती थी। प्रशिक्षण में आने के बाद 1 घंटे से ज्यादा लगातार दौड़ लगा लेती हैं। पहले 9 मिनट में 1600 मीटर को कंप्लीट करती थी, अब 7: 29 मिनट में क्वालीफाई कर लेती हूं।

### देशसेवा की इच्छा



हेमा वर्मा ग्राम रवेलीडीह दुर्ग बताती है कि, उन्हें बचपने से ही सैनिक बनने का जज्बा था। उन्हें जैसे ही दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में प्रशिक्षण की जानकारी मिली तो वे तत्काल संपर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। फिजिकली एक्जाम में परीक्षा पास करने का लगातार प्रयास कर रही हैं।

### मौके की थी तलाश



ग्राम धनोरी निवासी जितेन्द्र कुमार साहू बताते है कि, अग्निवीर योजना लांच होने के बाद इच्छा थी कि, सेना में जाने का प्रयास किया जाए। हाल ही में प्रशिक्षण की जानकारी मिलने के बाद मै लगातार सुबह प्रशिक्षण लेने पहुंच रहा हूं। मेरे लिए सेना में जाने का यह मौका है, जिसके लिए मेरी प्रयास में कोई कमी नही हैं।

### साइकिल चलाकर आता हूं



नीरज देशमुख डांडेसरा निवासी बताते हैं, वे रोज 22 किमी का सफर तय कर साइकिल से प्रशिक्षण मैदान पहुंचते हैं। रात तीन बजे से उठकर वे साइकिल से दुर्ग के लिए घर से रवाना होते है। उनका कहना है कि, यह युवाओं के लिए अच्छा अवसर है। जिसमें सभी युवाओं को प्रयास करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 15 अक्टूबर से धान खरीदी शुरू करें : साहू



दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने किसानों के हक में प्रदेश सरकार से बड़ी मांग करते हुए कहा है कि, 15 नवंबर से धान खरीदी करने का फैसला किसानों के साथ अन्याय है। साय सरकार को 15 अक्टूबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा करना चाहिए। एक और बड़ी मांग करते हुए राजेंद्र ने कहा कि, साय सरकार ने 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ाया है। इसलिए किसानों को 3217 रुपए की दर से धान का भुगतान होना चाहिए। राजेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार एक से तीन नवंबर तक राज्योत्सव का हवाला देते हुए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा की है। इस साल दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस लिहाज से साय सरकार को अविलंब 15 अक्टूबर से धान खरीदी की व्यवस्था करना चाहिए। ताकि, किसानों को दिवाली से पहले धान की कीमत मिल सके और वे खुशी खुशी दिवाली मना सकें।

### मरणोपरांत देहदान की घोषणा



दुर्ग। न्यू विद्युत नगर निवासी रोहित सिंह सेवा निवृत पोलिस विभाग द्वारा मरणोपरांत देह दान की घोषणा और निर्धारित औपचारिकता नव दृष्टि के कुलवंत सिंह से की गई। रोहित सिंह का मानना है कि, जीते जी सकारात्मक कार्य के साथ मरने पर भी शरीर का उपयोगिता पर मूल्यवान दान की सोच और अनुकरणीय पहल करनी चाहिए। मौके पर सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, आरएमओ डां अखिलेश यादव, डां विपिन जैन, जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोन गांवकर, अजय नायक, नंद पटेल, विजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### 60 वां आत्मा साक्षात्कार दिवस मनाया गया

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की 60 वां आत्मा साक्षात्कार दिवस बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात गुरु वंदन, पूजन, पादुका पूजन से की गई। भजन कीर्तन व सत्संग किया गया। सत्संग के माध्यम से बताया गया कि बापू को इसी दिन आत्मा साक्षात्कार हुआ था।

**गबन : वर्ष 2003 से बकाएदारों ने जमा नहीं की सरकारी राशि**

# सरपंच व सचिव ने डकारे साढ़े पांच लाख रुपए, नोटिस जारी

**आडिट में मिली गड़बड़ी से खुलासा, वसूली के नोटिस जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के तीनों ब्लाको में करीब पचास ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों ने साढे पांच लाख रूपए ढकार गए है। अब इन बकाया राशि को वसूलने प्रशासन को ऐडी चोटी की जोर लगानी पड रहा है। कई सरपंच जहां भूतपूर्व हो गए है, वही सचिवों की भी ठोह बदल गई है। बहरहाल बकायदारों को जिला पंचायत द्वारा नोटिस जारी की गई है। त्रिस्तरीय चुनाव के पहले गबन की राशि वसूलने जारी किए गए नोटिस से हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विगत तीन सितंबर 2024 को पंचायत संचालनालय द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर वसूली के निर्देश दिए गए थे। जानकारी अनुसार गांव में विकास कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा राशि जारी की जाती है। हांलाकि जिले के तीनों ब्लाको में ऐसे प्रकरण ज्यादा हैं, जिसमें ग्राम पंचायत से आय से होने वाली राशि को गबन के प्रकरण ज्यादा हैं। ग्राम पंचायतों को जारी किए गए राशि का जब आडिट किया गया तो एक नही बल्कि 49 ग्राम पंचायतो में गबन की राशि लाखों में होने की बात सामने आई हैं। दुर्ग ब्लाक के दस ग्राम पंचायत 1 लाख 79 हजार 206 गबन के मामले है। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग, बिरेझर, अंजोरा ख, करंजा भिलाई, निकुम, कातरो, जंजगिरी, डांडेसरा, पुरई शामिल है। वही पाटन के तीस गांव में दो लाख 88741 रूपए का मामला है। जिसमें जनपद पंचायत पाटन, ग्राम पंचायत खुडमुडा, अचानकपुर, फुंडा, बेल्हारी, गातापार, सावनी, मर्रा, फेकारी, कुम्हली, बटरेल, तरीघाट, कुर्मीगुंडरा, तेलीगुंडरा, भरर, कौही, अरसनारा, कानाकोट, रवेली, सुरपा गांव शामिल है। इसके आलावा धमधा में भी नौ गांव में 82861 रूपए गबन किए गए है। जिसमें नंदिनी खुंदिनी, रौंदा, कोडिया, विरोदा, गोढी, नवागांव पु, पोटिया मे, अरसी, दनिया शामिल है।




### नही लड़ सकेंगे चुनाव, देनी होगी राशि

वित्त की राशि को गबन करने वाले वर्तमान सरपंच आगामी त्रिस्तरीय चुनाव नही लड पाएंगे। ऐसे सरपंचों को धारा चालीस के तहत कार्यवाही की जाएगी, वही तत्कालीन सरपंचों पर धारा आरआरसी के तहत कार्यवाही होगी। हांलाकि गबन किए गए ज्यादा ग्राम पंचायत में पूर्व सरपंच का ही हाथ है, वही ज्यादातर मामले में सचिव की भी संलिप्तता पाई गई हैं।

### इन प्रकरणों में गबन किया गया

जानकारी अनुसार दुर्ग ब्लाक के ग्राम पंचायतों में जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग में विद्युत देयक का भुगतान नही करना, तालाब लीज रसीद बुक से संग्रहित कर लेखे में न लिया जाना, रेत रायल्टी की राशि जमा नही करना, आय राशि को कैशबुक में उल्लेख नही करना, आहरण को लेखा में दर्ज नही करना है। इसी तरह पाटन के ग्राम पंचायतों में खेत की जमीन से प्राप्त आय का उल्लेख नही करना, मस्टर रोल में भुगतान पावती नही लेना, गलत लेखांगन आदि प्रकरण हैं। धमधा में भी रसीद बुक की आय राशि जमा नही करना, प्रभार वाले सरपंचों का नगद व खाद्यान का न दिया जाना जैसे उल्लेख हैं।

### नोटिस दिए



समयसीमा की बैठक में इस मामले को रखा गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही हैं। वर्तमान और पूर्व सरपंचों पर धारा चालीस और आरआरसी के तहत कार्यवाही की जाएगी।

-**अश्वनी देवांगन,** सीईओ, जिला पंचायत दुर्ग

# कर्मियों से पहले अस्पताल पहुंची कलेक्टर, फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

जिला अस्पताल में उस समय हडकंप मच गई जब कलेक्टर अचानक आ धमकी। इस दौरान उपस्थिति पंजी की जांच करने पर कई कर्मी ड्यूटी पर नही दिखे, जिससे नाराज कलेक्टर ने उन्हें जमकर फटकार लगाई और आगे इस बरत की लापरवाही पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी हैं।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही प्रस्तावित नव निर्माण कार्यों पर संबंधित एजेंसी और अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की। उन्होंने मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बदलावों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सुश्री चौधरी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और आपातकालीन विभाग का दौरा किया। उन्होंने मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में साफ-सफाई और डॉक्टरों के व्यवहार को लेकर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया और ड्यूटी चार्ट की समीक्षा की। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान कर्मचारी के देर से आने पर उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि, इस तरह की लापरवाहियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। आईसीयू का दौरा करते हुए कलेक्टर ने डॉक्टरों और स्टाफ से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं के बारे में जाना। उन्होंने आश्वासन दिया कि, मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज दानी एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### सम्मान निधि किसानों के लिए उपहार

दुर्ग। जिला भाजपा के किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने कहा है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 18वीं किस्त आज किसानों के खाते में नवरात्रि और दशहरा के लिए एक उपहार स्वरूप 9.4 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट के माध्यम से जमा की गई हैं। इस राशि से नवरात्रि और दशहरा का त्यौहार किसान मनाएंगे। योजना के तहत 18वी किस्त में प्रत्येक किसान के खाते में 2000 जारी की गई हैं।

# रविवार को वार्डों में लगेगा निगम का वसूली टेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ नगर निगम के कर्मचारी वसूली में निभाएंगे भागीदारी

नगर निगम द्वारा टैक्स वसूली अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए जोन के अलावा वार्ड स्तर पर भी टेबल लगाकर राजस्व के कर्मचारी टैक्स वसूली करेंगे। निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि, नगर निगम राजस्व वसूली के लिए सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बकाया राजस्व वसूली के लिए पूरी राजस्व टीम को वार्डवार शिविर के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के अनुक्रम में नगर पालिक निगम द्वारा राजस्व वसुली अभियान के तहत 6 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे से शाम 4 बजे तक वार्ड क्रमांक वार्ड-55 लक्ष्मी कपड़ा मार्केट पुलगांव, वार्ड-56 एसटीएफ कॉलोनी, बघेरा वार्ड-49, 50, बोरसी जोन कार्यालय के अलावा वार्ड-60 विद्या विहार कॉलोनी एवं वार्ड-45,46 विवेकानंद भवन सहित इंदिरा मार्केट पार्किंग स्थल में शिविर का आयोजन कर दुकानों का किराया वसुली करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी में शिविर आयोजित किया गया है। जिसमे शिविर लगाकर शत प्रतिशत टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए गए है।

# ठगड़ा बांध में ट्रेमपोलिन पार्क का शहरवासी उठा सकेंगे लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर ने किया उद्घाटन



विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने विद्यार्थियों के साथ नवनिर्मित ट्रेमपोलिन पार्क का शुभारंभ किया और बच्चों के आयु के अनुरूप बनाए गए जोन में खेल का लुफ्त भी उठाये। लगभग 35 लाख की लागत से बने 2000 स्क्वायर फ़ीट में बने इस स्पाट एरिया में सॉफ्ट प्ले एरिया, बच्चों के मनोरंजन के साथ फिजिकल एक्टिविटी को ध्यान में रखा गया है। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर ने माधो वाटिका (ठगड़ा डैम) में सॉफ्ट प्ले एवं ट्रेमपोलिन पार्क एरिया का शुभारम्भ कर वाटिका का निगम के इंजिनियर के साथ निरिक्षण किये। परिसर में एडवेंचर को बढ़ावा देने को लेकर प्लानिंग पर चर्चा किये। एडवेंचर एक्टिविटी के तहत जीप लाइनर (डाउन टू अप) लगवाने तथा वाटर बैलुन पर प्राककलन तैयार करने निर्देश दिए है, जिससे शहर के बीचोबीच स्थित इस वाटिका में जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसमें 3 साल से 12 साल तक के बच्चे खेल सकते है। इसमें झूले, फिसलपट्टी है। बच्चों को आकर्षित करने कलरफुल अलग अलग तरह के गेंद है। फिजिकल एक्सरसाइज की तरह है, जिससे तीव्र गति शरीर का कैलोरी बर्न होता है।




**पिछले 39 साल से लगातार हो रही मां की सेवा**

# संकटहरिणी मंदिर में होती है मुराद पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ मीलपारा वार्ड में स्थित है माता की मंदिर

शहर के मिलपारा वार्ड 38 में स्थित ऐतिहासिक मंदिर में से एक श्री मां संकट हरिणी दुर्गा मंदिर में भक्तों की हर मनोकानाएं पूरी होती है। इस मंदिर में वर्ष 1985 को सिर्फ चौदह सदस्यों के सहयोग से ज्योत प्रज्जवलित की गई थी। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढा और लोगों का मंदिर के प्रति आस्था बढी, आज मंदिर में 141 भक्त ज्योत हर वर्ष प्रज्जवलित करते हैं।

करीब अस्सी फीट के गुम्बद आकार वाली इस मंदिर में मांग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी चोवाराम तिवारी ने बताया कि, वर्ष 1985 में मां दुर्गा की मूर्ति रखी जाती रही थी। लेकिन लोगों की आस्था ऐसी हुई कि लोग हमेशा मां के दर्शन पाने की चाह रखने लगे। जिसके बाद मंदिर के गर्भगृह में मूर्ति की स्थापना की गई। इस मूर्ति को राजस्थान के जयपुर से लाया गया था। तब से लगातार आज मंदिर में मां की मूर्ति के आलावा अलग से हर वर्ष प्रतिमा स्थापित कर की जाती हैं। मंदिर के सेवा में समर्पित भरत यादव, भुवन ठाकुर, नारायण साहु, रवि राजपूत, मुरारी तिवारी, हरिशचंद गुप्ता व मोहन साहु, राजेश भाट, शिवदयाल साहू हैं। भरत यादव ने बताया कि, कौशिक दत्ता नामक इंजीनियर ने मंदिर का नक्शा तैयार किया था। मंदिर में दुर्ग-भिलाई के आलावा रायपुर व महाराष्ट्र के श्रध्दालु हर वर्ष ज्योत जलाते हैं।



### देवउठनी एकादशी पर विशाल भंडारा

पुजारी श्री तिवारी बताते है कि, मंदिर में हर साल देवउठनी एकादशी के दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा पिछले कई वर्षो से की जा रही है। इस दिन सैकडों की संख्या में भक्त मंदिर में प्रसाद लेते पहुंचते हैं। मंदिर के सदस्य भरत यादव ने बताया कि, मंदिर के निर्माण से लेकर वर्तमान में हो रहे कार्यक्रम में वार्डवासियों का बढचढ सहयोग मिलता है।

### 8 को अनुज छालीवुड़ के सुपर स्टार देंगे प्रस्तुति

दुर्ग। श्री गंजपारा दुर्गाउत्सव समिति द्वारा आगामी 8 अक्टूबर को पद्मश्री अनुज शर्मा नाइट का आयोजन किया गया है। वहीं दूसरे दिन 9 अक्टूबर को इंडियन आइडल के मशहूर गायक मो. दानिश की प्रस्तुति पुरानी गंजमंडी में होगी।

